दिनांकः 10.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज जयपुर में सामुदायिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, महिला और बाल विकास विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों का आमजन में प्रचार–प्रसार करने और लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली फील्ड की चैम्पियन महिलाओं को सम्मानित करेंगी। कार्यक्रम में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन के प्रमुख क्रिस होन भी मौजूद रहेंगे। विभाग के निदेशक ओपी बुनकर ने बताया कि महिला और बाल विकास मंत्रालय, की ओर से हर साल सितम्बर महीने में 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला तथा बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करना है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिला उद्यमी, किशोरियां और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हो रहे हैं।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन की आखिरी तारीख 15 सितम्बर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में, सरकार ने जमीनी स्तर के अनगिनत लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है। पुरस्कार के लिए चयन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए सरकार ने लोगों से विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए अन्य व्यक्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन, अवार्डस डॉट जीओवी डॉट आई एन पर किये जा सकते हैं।

....

राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ई–केवाईसी करवाने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर ये फैसला लिया है। विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय और केन्द्र सरकार के निर्देशों की अनुपालना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के चयनित सभी लाभार्थियों को ई–केवाईसी करवाई जा रही है। इसकी अंतिम तारीख 15 अगस्त थी, लेकिन लगभग 75 लाख लाभार्थियों ने ई–केवाईसी नहीं करवाई है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर अपनी ई–केवाईसी करवा सकते हैं।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं तथा पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बादल गरजने के साथ बारिश हुई। दौसा, करौली, सिरोही, डूंगरपुर, बारां और सवाईमाधोपुर जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 10 सेंटीमीटर बारिश डूंगरपुर के फलोज में रिकॉर्ड की गई। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में 9 सेंटीमीटर, माउंट आबू में 8, बारां के किशनगंज में 7, बांसवाडा के बागीदौरा में 6 सेंटीमीटर पानी बरसा।

अच्छी बारिश से प्रदेश के कई बांध लबालब हो गए हैं। टोंक के बीसलपुर बांध से आज भी छह गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। करौली के पांचना बांध से भी अतिरिक्त पानी निकाला जा रहा है। पाली में कुछ दिनों से हो रही बरसात से मीठडी बांध में पानी की आवक बढ गई है, जिससे सेवाडी पीपला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। जिले के जवाई बांध में भी पानी की आवक बनी हुई। बांध का जल स्तर बढकर साढे 45 फीट हो गया है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन बारिश का मौजूदा दौर बने रहने की संभावना जताई है। विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम बारिश तथा कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

....